तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 14.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



13 पंचायत सचिव की पदस्थापना पर गहराया विवाद







# एसआईआर का काम पूरा, दिसंबर 2025 में 12.03 लाख थे, अब हो गए 12.35 लाख मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 1 जनवरी 2026 की स्थिति में मतदाता पुनरीक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इसमें खुलासा हुआ है कि जिले की 6 विधानसभा और बेमेतरा जिले के दो आंशिक विधानसभा क्षेत्र में कुल 12,35,230 मतदाता हैं। वहीं 23 दिसंबर 2025 को जब मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया था, तब 12,03,444 मतदाता थे। इस प्रकार 31,786 मतदाता बढ़ गए हैं। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई, जिसमें मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। बैठक में दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि अब भी सूची त्रुटिपूर्ण है, लेकिन अवलोकन के बाद ही सारी खामियां सामने आएंगी। इधर निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक सारी प्रक्रिया नियमों की तरह पूरी की गई है। 1520 बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर 14,52,509 मतदाताओं के मिलान और मैपिंग का कार्य किया। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान नए फोटोग्राफ भी लिए गए। 27 अक्टूबर 2025 से मतदाता पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। दावा आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच ली गईं। आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया गया। इसके बाद सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची का पूरी तरह से डिजिटलीकरण किया गया। इतना ही नहीं 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी प्रपत्र संख्या-6 भरकर भविष्य में प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे।

**राजनीतिक पार्टियों का आरोप, त्रुटिपूर्ण है सूची, अवलोकन कर बताएंगे कमियां**



### 18 दिसंबर तक एप्लीकेशन के माध्यम से हुआ था सत्यापन

जानकारी के मुताबिक 18 दिसंबर 2025 तक बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलीकरण और सत्यापन का काम किया गया था। इसमें 14,51,963 मतदाताओं में मैप्ड कैटेगरी ए में 5,04,059 मतदाता, मैप्ड कैटेगरी बी में 6,58,446 मतदाता तथा नो मैपिंग कैटेगरी में 14,015 मतदाता शामिल थे। विभिन्न कारणों से 2,48,803 फॉर्म अन-कलेक्टेबल श्रेणी में रहे। इनमें 41,431 मृत व्यक्ति, 30,255 अप्राप्य या अनुपस्थित व्यक्ति और 1,66,458 ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो गए थे। वहीं 9437 मतदाता पहले ही एनरोल्ड है तथा 1222 अन्य कैटेगरी में शामिल थे।

**प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन**

| विधानसभा | 23 दिसंबर 2025 | 21 फरवरी 2026 |
|---|---|---|
| पाटन | 202836 | 205556 |
| दुर्ग ग्रामीण | 189738 | 195268 |
| दुर्ग सिटी | 188754 | 193311 |
| भिलाईनगर | 121047 | 127023 |
| वैशालीनगर | 200882 | 209545 |
| अहिवारा | 200891 | 204258 |
| साजा (आंशिक) | 82515 | 8292 |
| बेमेतरा (आंशिक) | 16781 | 16877 |
| कुल | 1203444 | 1235230 |

### जिले के 6 विधानसभा में 33 हजार से ज्यादा नए मतदाता

निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक जिले पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग सिटी, भिलाईनगर, वैशालीनगर, अहिवारा में नए मतदाताओं में 34750 ने आवेदन किया, जिनमें से 1649 निरस्त हुए। 33101 मतदाता बने। प्रवासी भारतीय के मामले में 21 आवेदनों में से सिर्फ 12 को ही पात्र पाया गया। अन्यत्र शिफ्टिंग के मामले में 9462 आवेदन आए, जिनमें से 7122 पात्र पाए गए। त्रुटि सुधार के 6947 आवेदनों में से 6221 को ही पात्र माना गया।

# रिसाली निगम के 9 वार्डों में पेयजल सप्लाई ठप टैंकर से पानी सप्लाई, आज भी नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र के 9 वार्डों में लोगों को पेयजल नहीं सप्लाई हो पा रही है। टैंकर से इन वार्डों में पानी सप्लाई कर वार्डवासियों को राहत पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। रिसाली के नेवई क्षेत्र स्थित 32 लाख लीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह से यह शट डाउन लिया गया है। शुक्रवार को लोगों को पानी नहीं मिला। शनिवार को भी यही स्थिति रही और कल रविवार यानी 22 फरवरी को भी पानी आपूर्ति बहाल नहीं हो पाएगी।



32 लाख लीटर क्षमता का ओवर हैंड टैंक का चल रहा मरम्मत

### इन 9 वार्डों में पेयजल सप्लाई नहीं

रिसाली निगम क्षेत्र के प्रभावित क्षेत्र में वार्ड 16 बीआरपी कालोनी में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है। वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा और वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में भी नल सूखे हो गए हैं। वार्ड 19 विजय चैक स्टेशन मरोदा, वार्ड 20 शंकरपारा स्टेशन मरोदा, वार्ड 21 सूर्या नगर, वार्ड 32 नेवई भाटा, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम में भी पानी सप्लाई नहीं हा पा रही है।

### मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन का मरम्मत कार्य पूरा

रिसाली निगम का तकनीकी अमला शुक्रवार से नेवई स्थित ओवर हेड टैंक का मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन का मरम्मत कार्य में जुटा रहा। इस कार्य को शनिवार को पूरा कर लिया गया है। ज्वाइंट को लाकिंग किया गया है। इसे सूखने में एक दिन और लगेंगे। निगम के मुताबिक सोमवार को प्रभावित पूरे वार्डों में पेयजल की सप्लाई शुरू करने की पूरी उम्मीद है।

### सुबह से शाम तक टैंकर का इंतजार

प्रभावित वार्डों में रिसाली निगम द्वारा टैंकर से पानी पहुंचाने की वैकल्पिक इंतजाम किए गए। जिसकी वजह से लोगों को पूरे दिनभर टैंकर पहुंचने का इंतजार करना पड़ा। रहवासियों ने बताया कि टैंकर कब आएगा इसकी जानकारी नहीं होने की वजह से दिक्कतें उठानी पड़ी। सुबह,दोपहर और शाम को केवल टैंकर देखते रहे। टैंकर एक बार ही आया। इसलिए पानी का स्टोरेज कर रखने में परेशानी आई। सुबह-सुबह पानी की ज्यादा जरूरत पड़ती है।

### कार्य पूरा, सोमवार को देंगे पानी

ओवर हेड टैंक का मेन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है। लिकेज की समस्या न आए इसलिए उसे सूखाया जा रहा है। सोमवार को प्रभावित वार्डों में पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

-**अखिलेश गुप्ता,** सहायक अभियंता रिसाली निगम

# मोबाइल बैंकिंग चालू कराने का झांसा कर ठगी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल बैंकिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सड़क 1 क्वार्टर 10 डी, जोन 3 खुर्सीपार निवासी हैप्पी सिंह का बैंक खाता छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक भिलाई 3 में ऑनलाइन खोला गया था। मोबाइल बैंकिंग सेवा शुरु कराने में तकनीकी समस्या आने पर परिचय वाले शिवाजी नगर खुर्सीपार आशीष कुमार भिलाई से संपर्क किया। पीडित ने अपना सिम कार्ड, बैंक खाता से जुड़ी जानकारी आरोपी को आकाश गंगा, सुपेला में दी गई। इसके बाद आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया। जानकारी मिली कि पीड़ित के बैंक खाते, सिम कार्ड को साइबर ठगी की राशि प्राप्त कर अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि पावर हाउस कैंप 2 छावनी सुरजा कुमार सोनी भी शामिल है। पुलिस के विशेष टीम द्वारा दोनों आशीष, सुरजा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी विजय कुमार यादव समेत अन्य का योगदान रहा है।

### नकली सोना देकर बैंक से लोन लेने का प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** नकली सोना देकर बैंक से ऋण लेने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सिटी यूनियन बैंक नंदिनी रोड शाखा प्रबंधक अनुराग बंधु के पास एक युवक पहुंचा। सोने का जेवरात लेकर उसे गिरवी रख ऋण लेने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान बैंक स्वर्ण आभूषण परीक्षक राकेश कुमार गुप्ता ने जेवरात को देख परीक्षण करने पर नकली पाया गया। आरोपी राधा नगर, थाना घाटला, मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल, हाल निवास बैगा पारा दुर्ग निवासी राज पातरा बताया गया है।

# 10वीं की परीक्षा में 16857 परीक्षार्थियों ने दिया हिन्दी का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीजी बोर्ड ने शनिवार को 10वीं का पहला पेपर आयोजित किया। दुर्ग जिले के 135 परीक्षा केंद्रों में हिंदी का पेपर सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक चला। इसमें जिले से 16857 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। नकलची विद्यार्थियों को पकड़ने के लिए जिला शिक्षा विभाग के पांच उड़नदस्तों ने आकस्मिक दबिश दी, लेकिन कोई भी नकल करते नहीं पाया गया। 10वीं का दूसरा पेपर मंगलवार 24 फरवरी को अंग्रेजी विषय का होगा।



### इन केंद्रों में उड़नदस्ते की दबिश

सहायक संचालक सीमा नायक की टीम सेजस रिसाली, मरोदा टैंक, रुआबांधा, सेजस सेक्टर 9 स्कूल, दीपक नगर और खालसा पब्लिक स्कूल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी पुष्पा पुरुषोत्तम की टीम ने बरहापुर, राजपुर, बालक धमधा, कन्या धमधा, मेड़ेसरा और ननकट्ठी परीक्षा केंद्रों में जांच की। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग विनोद शुक्ला की टीम ने खपरी, खम्हरिया, कोहका और सुपेला परीक्षा केंद्रों में दबिश दी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाटन डीके देवांगन की टीम ने कन्या भिलाई तीन, सोमनी, घुघवा, टेमरी, सेजस जामगांव आर, बेल्हारी, ओदरागहन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

**135 परीक्षा केंद्रों की उत्तर पुस्तिकाएं पहुंची:** दुर्ग जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को एकत्र करने के लिए समंवयक केंद्र जेआरडी स्कूल को बनाया गया है। इस केंद्र के स्ट्रांग रूम में जिले के 135 परीक्षा केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाएं लाकर जमा करवाई गईं। दसवीं और बारहवीं दोनों की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं यहां से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर भेजी जाएंगी। इसके पूर्व बोर्ड के पोर्टल में उत्तर पुस्तिकाओं में अंकित कोड के हिसाब से जानकारी अपलोड की जा रही है। उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए तीन शिफ्टों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई है।

### बोर्ड परीक्षा का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में संचालित हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत केन्द्र क्रमांक 141010 सेजस रिसाली और केन्द्र क्रमांक 141015 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टंकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा भवन में पानी, बिजली एवं परीक्षार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत आज दसवीं की हिन्दी विषय का पेपर था। सेजस रिसाली में 49 और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टंकी में 159 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। कलेक्टर सिंह ने केन्द्राध्यक्षों से कहा कि परीक्षा हॉल में विद्यार्थियों को पानी बॉटल ले जाने की अनुमति देवें, जिसमें किसी भी प्रकार के स्टीकर लगा न हो। इसी प्रकार परीक्षा के दौरान समस्त परीक्षा केन्द्रों में इमरजेंसी लाईट की व्यवस्था रखें जिससे किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।




**परेशानी** लोगों ने कहा पार्किंग की नहीं व्यवस्था, ऐसे में इलाज कराएं या गाड़ी का टायर पंचर से बचाएं

# सुपेला अस्पताल प्रबंधन का तुगलकी फरमान, डॉक्टरों की पार्किंग में गाड़ी खड़ी की तो करेंगे टायर पंचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल प्रबंधन ने एक ऐसा नोटिस मरीज और उनके परिजनों के लिए जारी किया है, जिससे लोग भय में है। प्रबंधन ने जगह जगह नोटिस चस्पा की है कि डॉक्टरों की पार्किंग में यदि दूसरी गाड़ी खड़ी होती है तो उस पर 500 रुपए का जुर्माना तो लगेगा ही साथ ही गाड़ी का टायर भी पंक्चर कर दिया जाएगा। इससे लोग दहशत में है। उनका कहना है कि अस्पताल में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है।




ऐसे में यदि उनकी गाड़ी पंक्चर होने लगी तो वो इलाज कराएंगे या अपनी गाड़ी की रखवाली करेंगे। अस्पताल परिसर में चस्पा किए गए नोटिस में साफ लिखा है कि पार्किंग स्थल केवल डॉक्टरों के लिए आरक्षित है। यदि वहां किसी अनधिकृत वाहन को खड़ा पाया गया तो उसके टायर पंचर कर दिए जाएंगे और 500 रुपए जुर्माना भी वसूला जाएगा। अब सवाल उठ रहा है कि क्या किसी अस्पताल परिसर में इस तरह की चेतावनी जायज है? अगर सच में वाहन पंचर किए गए तो मरीज और उनके परिजन घर कैसे लौटेंगे? क्या किसी शासकीय अस्पताल को इस तरह दंडात्मक कार्रवाई का अधिकार है? सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने एक पार्किंग स्थल है। इसके अलावा दूसरा पार्किंग स्थल नशा मुक्ति केंद्र के पास स्थित है। रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए यहां पहुंचते हैं। ओपीडी, इमरजेंसी, जांच और अन्य सेवाओं के कारण परिसर में हमेशा भीड़ रहती है। मुख्य द्वार के सामने की पार्किंग अक्सर जल्दी भर जाती है। ऐसे में मरीज और उनके परिजन मजबूरी में ओएसटी संेटर नशा मुक्ति केंद्र के सामने स्थित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करते हैं। मरच्युरी में आने वाले लोग भी इसी हिस्से का उपयोग करते हैं।

### शहर में चर्चा तेज

अस्पताल प्रबंधन के इस कदम को लेकर शहर में तीखी चर्चा शुरू हो गई है। कई लोग इसे सख्त कदम बता रहे हैं, तो कई इसे मरीजों के प्रति असंवेदनशील रवैया मान रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में आने वाले अधिकांश लोग पहले से ही बीमारी, जांच और दवाइयों के खर्च से परेशान रहते हैं। ऐसे में यदि उनके वाहन के टायर पंचर कर दिए गए, तो यह अतिरिक्त परेशानी होगी।

### मरीजों की मजबूरी

अस्पताल में इलाज के आए लोगों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि रोजाना अस्पताल में इलाज के लिए रोजाना बड़ी संख्या में बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, गंभीर मरीज और अन्य पहुंचते हैं। कई लोग दूर-दराज के इलाकों से आते हैं। अगर उनकी गाड़ी पंचर कर दी गई, तो वे मरीज को लेकर कैसे जाएंगे। क्या अस्पताल प्रबंधन ने वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था की है? क्या पार्किंग व्यवस्था सुधारने के बजाय चेतावनी देकर समस्या हल की जा सकती है?

### चस्पा किए गए नोटिस को हटाने दिया आदेश

“ संबंधित पार्किंग स्थल पर दूर-दराज में काम करने वाले कुछ लोग अपने वाहन खड़े कर दिनभर के लिए चले जाते थे। इससे डॉक्टरों और ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को वाहन खड़ा करने में परेशानी हो रही थी। इसी समस्या को रोकने के उद्देश्य से स्टाफ द्वारा नोटिस लगाया गया था। जैसे ही मुझे नोटिस की जानकारी मिली, उसे हटाने के निर्देश दिया हूं।

-**डॉ. पीयाम सिंह,** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल सुपेला




जीवेत शरदः शतम्
Happy Birthday
22 फरवरी
डॉ. जलंधर सिंह जी
(जोन अध्यक्ष, जोन क्र.-3)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
शैलेजा राजू
पार्षद
वार्ड क्र. 33
राजू
अध्यक्ष, केम्पेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर
संतोषी पारा वार्ड 33
मुकेश सोनकर
विवेक कुमार सोनकर
शिव जायसवाल
लवकुश अग्रहरि
सतीश उर्मवाशी
पिंटू अग्रहरि
रमेश उर्मवशी
हीरा सोनकर
सोभनाथ सोनकर
विनीत - फल मण्डी, पावर हाउस भिलाई

## खबर संक्षेप



### स्कूल को मिला कंप्यूटर प्रिंटर व आरओ मशीन

**सेलूद।** आईडीबीआई बैंक गोंडपेंड्री शाखा ने शासकीय माध्यमिक शाला पाहंदा झा में एक कंप्यूटर सेट, एक प्रिंटर सेट तथा एक आरओ वाटर फिल्टर मशीन दिया। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रमुख मानस रंजन करण सहित हुसिकेश महतो, तुषार मोहपतारा एवं सुरेश वर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से शिक्षक मुकेश बंछोर, टेकेंद्र ठाकुर, सुरेखा बंछोर, सुशील कुमार ठाकुर एवं विक्रम यादव मौजूद थे। शाला प्रबंधन समिति से मनीष कश्यप, राजेंद्र यदु, सरिता साहू एवं संतोष धीवर की उपस्थिति में सामग्री का वितरण किया गया।

### वजन त्यौहार के साथ बच्चों को कराया न्योता भोज

**सेलूद।** औंसर-डिघारी पंचायत के ग्राम डिघारी के केन्द्र क्रमांक एक में वजन त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर सरंपच प्रियालता महिपाल ने न्योता भोज भी कराया। जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी, चॉकलेट वितरण कर सभी बच्चों का वजन लेने में सहयोग भी किया गया। यहां आंगनबाड़ी में सेल्फी जोन भी बनाया गया था जहां बच्चो तथा माताओं ने फोटो भी लिया और बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला भाण्डेकर ,सनिता निर्मलकर, कुमारी बन्छोर, कुमारी भाण्डेकर, रामप्यारी वर्मा, विमला वर्मा, मनीषा निर्मल आदि मौजूद थे।

### न्योता भोज में छात्रों ने लिया व्यंजनों का स्वाद

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा संकुल-अण्डा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। वेदप्रकाश साहू ने अपने पुत्र उत्कर्ष साहू के जन्मदिन की खुशियों को केक काटकर शासकीय प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के बच्चों के साथ साझा की। न्योता भोजन के रूप सभी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए चांवल,केला, खीर पुड़ी और आलू मटर की सब्जी वितरित की गई। अध्ययनरत सभी बच्चों वेदप्रकाश साहू ने पेन भेंट की। आयोजन में चन्द्रहास साहू (प्रधानपाठक), पेमिन नागवंशी (सहायक शिक्षक), पूजा निर्मलकर (अध्यक्ष एसएमसी), उत्कर्ष साहू, सिद्धि साहू, मंजू साहू, घनश्याम सिंह साहू, वेदप्रकाश साहू, शकुन साहू (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), अलेन यादव, कुसमा ठाकुर, कुसुमलता यादव, चन्दा ठाकुर और खुर्शिद बेगम की उपस्थिति रही।

### निधन

#### मथुरा दास



**दुर्ग।** ऋषभ ग्रीन सिटी पुलगांव दुर्ग निवासी मथुरा दास भीमजी भाई कारिया (84 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 फरवरी को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे वृजलाल, अरविंद, रमणीक लाल व मुकेश के भाई तथा गोपाल कारिया के पिता और किरण, मनोज, परेश, जय, शैलेष कारिया के चाचा थे।

## ग्रामीणों के आरोप पर सरपंच ने दिया प्रशासनिक प्रक्रिया का हवाला

# पंचायत सचिव की पदस्थापना पर गहराया विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

**लगातार ज्ञापन, विरोध और आरोपों ने प्रशासन पर भी सवाल खड़े कर दिए**



दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत पहंडोर में सचिव की पदस्थापना को लेकर विवाद अब गहराता जा रहा है। विरोध और समर्थन के बीच ग्रामीण खुलकर आरोप लगा रहे हैं, तो सरपंच इसे प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहे हैं।

ग्राम पंचायत पहंडोर में देवनाथ साहू की पदस्थापना को लेकर चल रहा विवाद अब केवल समर्थन और विरोध तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में महेंद्र साहू ने ग्राम पंचायत पतोरा में विकास कार्यों को गति दी थी और पंचायत को नई पहचान दिलाई थी। ऐसे में वे अनुभवी सचिव के पक्ष में खड़े हैं। लेकिन अब बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है—क्या सरपंच और कुछ जिम्मदार लोग मिलकर नए सचिव को आने से रोकने की कोई रणनीति बना रहे हैं? क्या यह सिर्फ प्रशासनिक मतभेद है या इसके पीछे कोई व्यक्तिगत रंजिश, राजनीतिक दबाव या फिर किसी संभावित अनियमितता को छुपाने की कोशिश?गांव में चर्चा है कि अगर सब कुछ पारदर्शी है तो फिर सचिव की नियुक्ति को लेकर इतना विरोध और टकराव क्यों? क्या पंचायत के पुराने कामकाज में कोई ऐसी गड़बड़ी है जिसे उजागर होने का डर है? या फिर यह सिर्फ वर्चस्व की लड़ाई है? वहीं सरपंच का कहना है कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं बल्कि कार्यशैली से जुड़ा है। उनका दावा है कि पंचायत के सुचारू संचालन और विकास कार्यों की निरंतरता के लिए विवादमुक्त और पारदर्शी सचिव की जरूरत है। वे इसे पूरी तरह प्रशासनिक निर्णय बता रहे हैं।

हालांकि, लगातार ज्ञापन, विरोध और आरोपों ने प्रशासन पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।अब देखना यह होगा कि जिला पंचायत और प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाते हैं या फिर यह विवाद और गहराता है। गांव वालो का कहना है नया सचिव आए और गांव का विकास हो लेकिन सरपंच का कहना है नए सचिव को नही आने दे रही है और विरोध कर रही है। ऐसे क्या मामल है । जिसमे सचिव को आने के लिए मना कर रही है। उधर पूरे गांव मिल कर नए सचिव के स्वागत में बैठे हुआ है। पहंडोर पंचायत में सचिव की कुर्सी अब केवल पदस्थापना का मुद्दा नहीं रह गई है, बल्कि भरोसे, पारदर्शिता और जवाबदेही की परीक्षा बन चुकी है।

## बेंगलुरु में सराहा गया उरला स्कूल का मॉडल, मिला सम्मान



**कुम्हारी।** सेंटर फॉर एन्वायरमेंट एजुकेशन (सी.ई.ई) के विप्रो अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला के पांच छात्रों एवं एक गाइड शिक्षिका को बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। प्राचार्य व शिक्षिका ललित किशोरी साहू के निर्देशन में विद्यालय के विद्यार्थी संध्या साहू, भूमिका निषाद, एनिश पटेल, गिरेन्द्र साहू और चंदन विश्वकर्मा ने कचरा प्रबंधन एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सेंटर ऑफ एन्वायरमेंट एजुकेशन लखनऊ को रिपोर्ट भेजी थी। इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया। 28 से 31 जनवरी के बीच अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सी.ई.ओ अनुराग बेहार और ईसीजी के ग्लोबल हेड और विप्रो फाउंडेशन मैनेजिंग ट्रस्टी पीएस नारायण की मौजूदगी में प्रमाण पत्र, विद्यालय को पचास हजार रुपए की धनराशि व शिक्षक और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण किट प्रदान की गई। पूरे देश में लगभग दो हजार प्रोजेक्ट में से 25 प्रोजेक्ट का चयन हुआ है जिसमें से एक शासकीय विद्यालय उरला का है।

## वार्ड 32 में सीसी रोड का होगा निर्माण, हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वार्ड नंबर 32 में लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी। इस मांग को पूरा करते हुए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों की भारी उपस्थिति रही। निर्माण स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में वार्ड 32 की पार्षद लक्ष्मी दिवाकर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की और क्षेत्र के विकास के लिए आभार व्यक्त किया। करीब 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सीसी सड़क से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी। क्षेत्र वासियों का कहना है किहमारी वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हुई है। कार्यक्रम में पार्षद लक्ष्मी दिवाकर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रीना चौहान, भाजपा जिला भिलाई के उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, प्रवक्ता विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, महामंत्री लतेल यादव, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र दिवाकर, नवीन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

बालोद–दुर्ग जिले की सीमा पर स्थित गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम ओटेबंद (बगीचा) में आयोजित 66वां श्री विष्णु महायज्ञ पूरे धार्मिक उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यज्ञ स्थल पर विधि-विधान से हवन पूजन का शुभारंभ होते ही वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय ध्वनि से गूंज उठा। मंदिर परिसर में स्थापित भगवान विष्णु की क्षीरसागर मुद्रा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता लक्ष्मी सहित विराजमान भगवान के दर्शन कर भक्तजन सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दोपहर 12:30 बजे से 5:30 बजे तक पूज्य भगवताचार्य राष्ट्रीय संत राजीव नयन महाराज (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का पावन वाचन किया जाएगा।

वहीं प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से आदर्श नाट्य कला मंडली, भेंडरा (कोरबा) द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। करीब छह दशक से अधिक पुरानी इस परंपरा में हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कदंब वृक्ष में नारियल बांधकर मनोकामना मांगने की मान्यता के चलते भी बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंच रहे हैं।

## युवक पर चलाया कटर, आरोपी फरार



**भिलाई।** युवक पर कटर से वार कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि कैंप 2 संतोषी नगर वार्ड 33 रितीक चौधरी मार्केट जा रहा था। इस दौरान आम्रपाली चौक के पास आरोपी युवक ने रितीक से लिफ्ट मांगा। इंकार करने पर आरोपियों ने अपने पास रखे कटर से रितीक के शरीर पर विभिन्न जगह पर कटर से वार कर दिया। रितीक को गंभीर अवस्था में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया। जहां उसके शरीर के सीना, हाथ समेत अन्य जगह ड्रेसिंग की गई।

## आंतरिक समिति का गठन नहीं हुआ तो लगेगा 50 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

**पीड़िता के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों पर हुई चर्चा**

समिति का गठन न होने की स्थिति में कार्यालय प्रमुख पर 50,000 रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। समिति की संरचना, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, समय-सीमा, गोपनीयता तथा पीड़िता के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। संभाग के सभी जिलों की आंतरिक एवं स्थानीय शिकायत समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बनाए गए कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम, 2013 (पॉश एक्ट) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोक निर्माण विभाग के सभा कक्ष में आयोजित कार्यशाला में दुर्ग संभाग के सभी जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय एवं आंतरिक शिकायत समितियों के पदाधिकारी तथा संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के संचालक एसके चौबे ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि पॉश अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्ग आरके जांबुलकर ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा का आधार है। बालोद के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडे ने पॉश अधिनियम न केवल शिकायत निवारण का मंच प्रदान करता है, बल्कि संस्थानों में संवेदनशीलता, जवाबदेही की संस्कृति विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी विभागों से अधिनियम के प्रावधानों का नियमित अनुपालन करने और कर्मचारियों को जागरूक

## साहू समाज का सामूहिक विवाह बना मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा






छत्तीसगढ़ हरदीहा साहू समाज, धमधा परिक्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में कुल 61 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। आयोजन के 9वें वर्ष में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, परिजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विवाह की सभी रस्में विधि-विधान के साथ संपन्न कराई गईं।

छत्तीसगढ़ हरदीहा साहू समाज, धमधा परिक्षेत्र द्वारा लगातार किए जा रहे इस प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। आयोजन में अध्यक्ष अनिल कुमार साहू, सचिव कुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू, महामंत्री मीनाराम साहू, सहसचिव मुकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष बोरिंग साहू, संगठनकर्ता संताजु साहू, मुख्य सलाहकार श्रवण कुमार साहू, मुख्य संयोजक रामकुमार साहू, संचालक नारायण साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दशरथ साहू, राज चपरासी रवि साहू, गृह मंत्री देवीलाल साहू, कृषि प्रकोष्ठ हरिशचंद्र साहू, पूर्व महामंत्री अरुण कुमार साहू, पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. भमेन्द्र साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व सचिव श्री प्रेमलाल साहू, महिला मंत्री मंडल से अध्यक्ष हेमलता साहू, सचिव रानी साहू, उपाध्यक्ष माया साहू, कोषाध्यक्ष लीला साहू एवं सदस्य अगहन बाई, लक्ष्मी बाई, प्रेमिन बाई, मनीषा साहू उपस्थित रहीं।

### मटंग में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू



**सेलूद।** ग्राम मटंग में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारम्भ सरपंच अमित हिरवानी ने पूजा-अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पंचगणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल सेवा केंद्र गांव के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

## बिजनेस साइट

### चौहान के नेक्सा शोरूम में ई-विटारा लॉन्च



**भिलाई।** भिलाई के स्थित चौहान ऑटोमोबाइल्स नेक्सा शोरूम में शुक्रवार को मारुती सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई के रीजनल मैनेजर रूपक मंडल और चौहान ग्रुप के चेयरमैन अजय चौहान मौजूद थे। लॉन्च के दौरान ई-विटारा की आकर्षक डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर और अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक तकनीक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। आधुनिक प्लेटफॉर्म पर आधारित यह एसयूवी पर्यावरण के अनुकूल, शांत और दमदार ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जो भविष्य की मोबिलिटी को नई दिशा देती है। ई-विटारा में 49 किलोवाट घंटा और 61 किलोवाट घंटा की बैटरी का विकल्प उपलब्ध है। फुल चार्ज पर यह लगभग 543 किलोमीटर की रेंज प्रदान करती है। चार्जिंग की बात करें तो डीसी फास्ट चार्जर से यह एसयूवी लगभग 30 से 40 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक और होम एसी चार्जर में 7 से 9 घंटे में फुल चार्ज हो जाती है। बास स्कीम के अंतर्गत इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.99 लाख रुपए से प्रारंभ होती है, जो इसे प्रीमियम इलेक्ट्रिक सेगमेंट में एक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी विकल्प बनाती है। यह गाड़ी चौहान ऑटोमोबाइल्स नेक्सा में बुकिंग और टेस्ट ड्राइव के लिए उपलब्ध है।




### विद्यार्थियों ने दिया 10वीं का पेपर

**जामगांव आर।** हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 सेजस जामगांव आर केंद्र क्रमांक- 141119 में शनिवार को हिंदी विषय का प्रश्नपत्र हुआ। 200 में 195 उपस्थित हुए। सेजस जामगांवआर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर,शासकीय हाई स्कूल पौहा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों ने पेपर को लेकर आपस में चर्चा की।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130















- MILESTONE ACADEMY
- MGM PUBLIC SCHOOL
- NALANDA ENGLISH MEDIUM HR.SEC. SCHOOL
- KANTI DARSHAN PUBLIC SCHOOL
- KRISHNA PUBLIC SCHOOL

# सही स्कूल का चयन ही बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी

नया सत्र शुरू होते ही शहर के निजी और शासकीय स्कूलों में **"एडमिशन ओपन"** के बोर्ड नजर आने लगते हैं। हर माता-पिता की चाहत होती है कि उनका बच्चा ऐसे स्कूल में पढ़े, जहां अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और समग्र विकास का माहौल मिले। लेकिन सिर्फ नाम या चमक-दमक देखकर स्कूल चुन लेना भविष्य में गलत साबित हो सकता है। इसलिए एडमिशन से पहले कुछ जरूरी बातों पर गंभीरता से विचार करना बेहद आवश्यक है।

## स्कूल की मान्यता और बोर्ड की जानकारी

सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि स्कूल मान्यता प्राप्त हो। वह किस बोर्ड से संबद्ध है–
**CBSE, ICSE, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल**

हर बोर्ड का पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली अलग होती है। बच्चे की सीखने की क्षमता और भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए बोर्ड का चयन करें।





| SUBJECT CHOICE | STREAM I | STREAM II | STREAM III | STREAM IV |
|---|---|---|---|---|
| MAIN SUBJECT | MATHEMATICS | PHYSICS | ACCOUNTS | ECONOMICS |
| MAIN SUBJECT | PHYSICS | CHEMISTRY | ECONOMICS | SOCIOLOGY |
| MAIN SUBJECT | CHEMISTRY | BIOLOGY | BUSINESS STUDIES | POLITICAL SCIENCE |
| MAIN SUBJECT | ENGLISH | ENGLISH | ENGLISH | ENGLISH |
| OPTIONAL SUBJECT (CHOOSE IF ANY) | AI | YOGA | BANKING | MULTIMEDIA |
| | CS | PSY | AP.MATHS | PSY |
| | IT | IT | IT | IT |
| ADDITIONAL SUBJECT (CHOOSE IF ANY) | DANCE | DANCE | DANCE | DANCE |
| | PAT | PAT | PAT | PAT |


## शिक्षकों की गुणवत्ता और अनुभव

-स्कूल की असली पहचान उसके शिक्षक होते हैं।
-क्या शिक्षक प्रशिक्षित और अनुभवी हैं?
-क्या वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखते हैं?
-क्या स्कूल में नियमित ट्रेनिंग और वर्कशॉप होती है?
-एक अच्छे शिक्षक के मार्गदर्शन में बच्चा न केवल पढ़ाई में बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी आगे बढ़ता है।

## स्कूल का वातावरण और इंफ्रास्ट्रक्चर

-एडमिशन से पहले स्कूल का दौरा जरूर करें।
-कक्षाएं साफ-सुथरी और हवादार हों।
-पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब की सुविधा हो।
-खेल का मैदान और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो।
-CCTV और गार्ड की व्यवस्था हो।
-सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बच्चे के मानसिक विकास के लिए जरूरी है।






## सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां

- केवल किताबों तक सीमित शिक्षा पर्याप्त नहीं है।
- खेलकूद
- संगीत, नृत्य, कला
- वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता
- स्काउट-गाइड या एनसीसी जैसी गतिविधियां
इन गतिविधियों से बच्चे का आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है।

## परिणाम और शैक्षणिक रिकॉर्ड

- स्कूल का पिछले वर्षों का रिजल्ट देखें।
- बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम कैसा रहा है?
- क्या छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं?
- अच्छा शैक्षणिक रिकॉर्ड स्कूल की गुणवत्ता को दर्शाता है।

## दूरी और परिवहन सुविधा

- स्कूल घर से बहुत दूर न हो।
- क्या स्कूल बस की सुविधा है?
- ड्राइवर और स्टाफ का रिकॉर्ड कैसा है?

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



जींस के साथ स्टाइल करें शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप, मिलेगी तारीफ


**लाइव इवेंट**

## जैन समाज कृति संचेती को करेगा सम्मानित



**दुर्ग।** प्रतिभाशाली युवा प्रतिनिधि कृति संचेती ने एक अंतरराष्ट्रीय एआई समिट में दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ क प्रतिनिधित्व किया। भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित समिट में दुर्ग छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर विश्वभर के देशों के राष्ट्रपति के साथ आए विशेषज्ञों, तकनीकी विद्वानों एवं नवाचारकर्ताओं के बीच कृति संचेती की उपस्थिति विशेष रूप से सराहनीय रही। समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न आयामों जैसे मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, साइबर सुरक्षा तथा भविष्य की तकनीकी संभावनाओं पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ। कृति संचेती ने न केवल इन विषयों पर अपने विचार साझा किए, बल्कि वैश्विक स्तर पर हो रहे नवाचारों एवं शोध की जानकारी भी प्राप्त की। कृति संचेती ने कहा कि एआई आज के युग में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं सामाजिक आर्थिक उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस, जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में टेक्नोलॉजी आम लोगों की जिंदगी में आई का इस्तेमाल जेसे विषयों पर व्यापक चर्चा से विकास के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आने वाला है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सहभागिता से उन्हें नई तकनीकों को समझने और उन्हें स्थानीय स्तर पर लागू करने की प्रेरणा मिली है। जैन समाज ने कृति की इस उपलब्धि पर बधाई दी। साथ कृति के दुर्ग लौटने के बाद उन्हें सम्मानित किए जाने की बात कही।

**लाइव इवेंट**

## शिवाजी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन, एकजुटता का दिया संदेश



**भिलाई।** हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग किले में हुआ। उनकी माता राजमाता जीजाबाई ने बचपन से ही उन्हें धर्म, नीति पर चलने के संस्कार डाले। उनके पिता शाहजी भोसले वीर योद्धा थे। शिवाजी महाराज की 396 जयंती पर कुनबी समाज संगठन के तुकाराम मंदिर प्रांगण में हुए आयोजन में इसकी जानकारी दी गई। शिवाजी स्मारक स्थल पर सनातनी हिंदू संस्कार के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पर पुष्पों वर्षा कर एवं शंख ध्वनि के मध्य विशाल माला पहनकर और गगन भेदी नारे और जयघोष लगाकर जय भवानी जय शिवाजी, नमो पार्वती हर हर महादेव का नारा लगाया गया। सनातन हिंदू मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा शिवाजी जीवन केवल इतिहास ही नहीं बल्कि यह एक विचारधारा है। 2026 की जयंती हमें एक अवधारणा है कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में उतारे छत्रपति शिवाजी महाराज सनातन हिंदू स्वराज के राष्ट्र नायक थे। प्रशांत क्षीरसागर ने कहा कि आज का दिन हिंदू सनातनी हिंदू के लिए घरों का दिन है। धर्म ध्वजा रक्षा कुशल शासक मुगल आक्रांताओं का प्रतिकार करने वाले महान योद्धा छत्रपति शिवाजी की जयंती का दिन है। महान नायक के जन्म का स्मरण हम सब सनातनी हिंदुओं को करना चाहिए। हर माता को अपने पुत्रों को वाले कल से ही धर्म न्याय और साहस के संस्कृति शिवाजी के माता ने जो संस्कार दिए, उसे पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में सतीश काले, अविनाश शेगेकर, सुशील ठाकरे, रुद्र सेना से उषा क्षीरसागर, अशोक देशमुख, सुनील. कोहले, वीणा बड, प्रकाश बंडू सहित अन्य मौजूद थे।

**लाइव इवेंट**

## रसमड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, दवाएं भी बांटी गई



**दुर्ग।** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए औद्योगिक क्षेत्र रसमड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। औद्योगिक क्षेत्र, कंपनी में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें रसमड़ा केंद्र द्वारा जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कैम्प लगाया गया। शिविर में डॉ. मनप्रीत सिंह भाटिया, डी. के रत्नश नंद, सुभाष साहू, श्रद्धा, जागेश्वर, योगेश सहित ईएसआई के अन्य कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान की। जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी प्रबंधन द्वारा शिविर में विशेष सहयोग किया गया है। शिविर में श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ परामर्श भी दिया गया। तथा शुगर, बीपी के जांच उपरांत दवाइयों का वितरण भी किया गया है। श्रमिकों को ईएसआई द्वारा संचालित योजनाओं व उनसे मिलने वाले लाभ की जानकारी भी दी गई है। ईएसआई रसमड़ा के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविर नियमित रूप से प्रतिमाह अलग-अलग कंपनियों में आयोजित कर श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

● दो साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी भिलाई को राष्ट्र को किया था समर्पित

# मिनी इंडिया की पहचान हमारी आईआईटी को बने दो साल पूरे, सैलिब्रेशन में नजर आई अलग-अलग संस्कृति, दूसरे चरण का काम होगा जल्द शुरू

देश के उन 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शामिल भिलाई आईआईटी को दो साल पूरे हो गए हैं। जीआरआईएचए एलडी (लार्ज डेवलपमेंट्स) के तहत 5-स्टार रेटिंग वाला और 2023 की एनआईआरएफ में 81 रैंकिंग वाला हमारा आईआटी तेजी से आगे बढ़ रहा है। दो साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। इसे लेकर आईआईटी भिलाई के नालंदा हॉल में वार्षिक सैलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, परंपरा और इतिहास को मंच में उतारने का प्रयास किया गया। सांस्कृतिक आयोजन में आईआईटी के स्टूटेंड्स ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आईपीएस सोनल अग्निहोत्री प्रमुख रूप से शामिल हुए। डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने आईआईटी के विकास पर प्रकाश डाला।



**भिलाई।** कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना और अतिथियों को सम्मानित किया गया। भाषण के दौरान प्रो. राजीव प्रकाश ने संस्थान की उपलब्धियों और उसकी प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने आईआईटी भिलाई को शिक्षा और अनुसंधान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि आईआईटी भिलाई, छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर राज्य को एक तकनीकी केंद्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके तहत दुर्ग में एक आईटी पार्क की स्थापना की जा रही है और इसका कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। उन्होंने परिसर निर्माण का चरण-बी भी जल्द ही शुरू होने की जानकारी दी। इस अवसर पर वर्ष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। संस्थान के सभी सदस्यों को अपने कर्तव्यों का पालन गर्व और समर्पण के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया। उप कुलसचिव सचिन मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जानकारी दी गई कि आईआईटी को जीआरआईएचए एलडी (लार्ज डेवलपमेंट्स) के तहत 5-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई, जो जीआरआईएचए ढांचे के अंतर्गत सर्वोच्च प्रमाणन है। इस श्रेणी में यह पुरस्कार आईआईटी भिलाई को दूसरी बार मिला है। 5-स्टार रेटिंग पर्यावरण संरक्षण और हरित, भविष्य के लिए तैयार परिसर के निर्माण के प्रति संस्थान की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बता दें कि आईआईटी करीब 358 एकड़ में फैला हुआ है। 879.22 करोड़ की लागत से प्रथम चरण में बिल्डिंग और अन्य कार्य कराए गए हैं। 2500 विद्यार्थियों की क्षमता आईआईटी की है। 700 विद्यार्थियों के साथ आईआईटी की शुरुआत हुई। वर्तमान में करीब 1100 स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं।

### आईआईटी का निर्माण तीन फेस में, दूसरा चरण जल्द

आईआईटी भिलाई के चरण-बी के लिए करीब 2,257.55 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इसमें से 1,092 करोड़ रुपए भवन और परिसर के निर्माण पर व्यय होंगे। इस विस्तार के बाद परिसर का निर्मित क्षेत्र 1,51,343 वर्ग मीटर बढ़ जाएगा। तीसरे फेस के परिसर में छत्तीसगढ़ का पहला रिसर्च पार्क भी बनेगा। सेकंड फेस का काम होने से नए इंजीनियरिंग और विज्ञान विभाग, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, आईसीटी सक्षम व्याख्यान कक्ष, प्रोटोटाइप लैब और आधुनिक उपकरण शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, छात्रावास, मेस, इनडोर खेल परिसर, ओपन एयर थिएटर, क्रिकेट-फुटबॉल-हॉकी मैदान, टेनिस कोर्ट, आवासीय भवन, स्वास्थ्य केंद्र और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी विकसित किए जाएंगे। छात्रों की संख्या भी 3 हजार तक बढ़ाई जाएगी।



### 96 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा रिसर्च पार्क



जानकारी के मुताबिक चरण-बी के तहत परिसर में 96 करोड़ रुपए की लागत से एक रिसर्च पार्क का निर्माण किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ का पहला रिसर्च पार्क होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देना तथा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। परियोजना को अक्टूबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले चरण में में 1,090.17 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। कुटेलभाटा में 1,34,450 वर्ग मीटर क्षेत्र में एक स्मार्ट और पर्यावरण अनुकूल परिसर विकसित किया गया है।

## साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को किया अवेयर

**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा ने हिन्दू मिलन मंदिर के प्रांगण में साइबर क्राइम जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, एसआई डॉ. संकल्प राय प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर राठौर ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए अत्यंत सरल एवं सहज भाषा में उपस्थित नागरिकों-विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों-को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी एवं ऑनलाइन निवेश ठगी जैसे अपराधों से सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संदिग्ध परिस्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करना चाहिए। सत्य प्रकाश तिवारी ने साइबर अपराधी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दिए जाने वाले लालच से बचने तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. संकल्प राय ने ई-मेल, इंटरनेट बैंकिंग एवं एटीएम से जुड़े पासवर्ड को समय-समय पर बदलने तथा मजबूत पासवर्ड रखने के महत्व पर विशेष जोर दिया। संस्था के प्रतिनिधि शांतनु दासगुप्ता ने अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों को बताया कि संस्था निरंतर सामाजिक सरोकारों-ट्रैफिक जागरूकता, शिक्षा सहयोग, वृद्धाश्रम सेवा एवं डिजिटल साक्षरता-के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संचालन डॉ. ज्योति धारकर ने किया। कार्यक्रम में राजेश धारकर, रामानुजन राजू, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, देबाशीष मजूमदार, उत्तम डे, कल्याण राय, जीएस संधू, अजय दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

■ हिंदू मिलन मंदिर के प्रांगण में कार्यशाला का आयोजन, एएसपी हुए शामिल



## दिल्लीवार कूर्मि समाज का वार्षिक मिलन समारोह आज

**दुर्ग।** दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग का वार्षिक मिलन समारोह 22 फरवरी को कूर्मि भवन सुभाष नगर में आयोजित है। नगर इकाई दुर्ग का यह 22 वां वार्षिक मिलन समारोह है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता नगर इकाई के अध्यक्ष राकेश हरमुख करेंगे। विशेष रूप से ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, वीरेंद्र कुमार देशमुख, योगेंद्र बेलचंदन, केशव बंटी हरमुख, ललित देशमुख, प्रीति देशमुख, हेमंत देशमुख सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में नगर इकाई राजनादगांव, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है।

**गर्ल्स कॉलेज में फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत महिलाओं के उत्थान पर किया जा रहा मंथन**

**कार्नर न्यूज**

# महिलाओं की दफ्तरों में बढ़ती भागीदारी केवल आर्थिक मुद्दा नहीं बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का सूचक

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम का तीसरा दिन प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं की कार्यालय में भागीदारी विषय पर प्रियंका वर्मा ने कहा कि महिलाओं की कार्यालय से आशय है कि कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत और देश के आर्थिक सामाजिक विकास में उनका योगरान यह लैंगिक समानता का परिचायक है। भारत में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की तुलनात्मक भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य उद्योग राजनीति व प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी करते हुए बताया कि महिलाओं की कार्यल में भागीदारी केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का सूचक है।

### महिलाओं को हेल्थ को लेकर अवेयर रहने की जरूरत

डॉ. संगीता सिन्ध ने मंहिला स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि महिलाओं की जीवन के विभिन्न चरणों में स्वास्थ्य संबंधी अलग-अलग समस्याओं का सामना करना होता है। सामाजिक दायित्व व पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण ये इन सबकी उपेक्षा करती है। आवश्यक है कि महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए। जागरुकता के द्वारा लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यगत कारणों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक है।






### लैंगिक न्याय और मानवाधिकार को जानना आवश्यक

डॉ० सुजाता जयराम ने पॉक्सो अधिनियम एवं विशाखा समिति से परिचय कराते हुए कहा कि यह अधिनियम लैंगिक न्याय और मानवाधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जो कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और विझाचा समिति कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। इस अवसर पर प्राध्यापक, साप्राध्यापक अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी सहा. प्राध्यापक व छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक ठाकुर ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. श्वेता गायकवाड़ ने किया। व्याख्यान के दौरान लैंगिक अधिकारों से जुड़े कानून की जानकारी भी दी गई।

एजुकेशन इवेंट

## स्कूली बच्चों को बंबू वर्क और आर्ट का प्रशिक्षण



**दुर्ग।** नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएम केंद्रीय विद्यालय में 10 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं बैगलेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक कौशलों से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना था।

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 10 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को बंबू वर्क एवं बंबू आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बांस से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं का निर्माण करना सीखा। इस प्रक्रिया ने उनमें सृजनात्मकता, धैर्य, टीमवर्क और कार्य के प्रति सम्मान की भावना विकसित की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने हाथों से सीखने का आनंद अनुभव किया। प्रशिक्षण कार्य का संचालन कुशल प्रशिक्षकों लक्ष्मी देवांगन एवं राजकुमारी नायक द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बाँस शिल्प की तकनीकों, उसकी उपयोगिता और स्वरोजगार की संभावनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान पारंपरिक कला और आधुनिक उपयोगिता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। अमरनाथ सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षा उन्मुख न बनाकर, उन्हें जीवनोपयोगी कौशलों से सुसज्जित करना है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती है। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को वास्तविक जीवन की आवश्यकताओं से जोड़ते हैं। डॉ. अजय आर्य ने बताया कि बैगलेस कार्यक्रम शिक्षा को अनुभवात्मक और व्यवहारिक बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

उन्होंने कहा कि ज़िंदगी क्या है, किताबों को हटाकर देखो यह पंक्ति इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की भावना को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करती है। जब विद्यार्थी अपने हाथों से सृजन करते हैं, तब वे केवल कौशल ही नहीं सीखते, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नींव भी रखते हैं। उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बच्चों को जीवन के लिए तैयार करना है, केवल परीक्षा के लिए नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सीखे गए कौशलों को भविष्य की संभावनाओं के रूप में देखें और उनका उपयोग आत्मनिर्भर बनने की दिशा में करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को श्रम की गरिमा, रचनात्मकता और आत्मनिर्भर भारत की भावना से जोड़ने का प्रयास किया गया।

समाज लाइव

## आफताब आलम को मिला प्रदेश स्तरीय सम्मान



**भिलाई।** कर्मा भवन सुपेला में आयोजित रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ के 13 वें स्थापना दिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश स्तरीय रक्त मित्र व सामाजिक स्तर पर कार्य कर रहे सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ भिलाई निवासी राष्ट्रीय स्तर जनसेवक आफताब आलम का सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, कसडोल विधायक संदीप साहू, तुलसी साहू, हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के इंद्रजीत सिंह, कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, रमेश साहू सहित अन्य मौजूद थे। आफताब आलम ने रेड ड्रॉप संस्था के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए संस्था को 13 वे स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की। बता दें कि जनसेवक आफताब आलम पिछले 11 वर्षों से सामाजिक स्तर पर स्वास्थ एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे और आज भारत के लगभग 16 राज्यों में कार्य कर रहे हैं।

- रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ के 13 वें स्थापना दिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

## कवि अजय निदान कन्नूरकर को मातृभाषा रत्न की मानद उपाधि



**भिलाई।** नेपाल की सुप्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के उपलक्ष्य मे एक वर्चुअल समारोह का आयोजन किया गया। मातृभाषा हिन्दी क़ो समर्पित विभिन्न देशों के हजारों प्रतिभावान कवियों शिक्षकों व साहित्यकारों क़ो मातृभाषा मानद उपाधि सम्मान प्रदान किया गया। कवि अजय निदान कन्नूरकर क़ो भी यह गरिमामयी उपाधि सम्मान प्रदान किया गया। नेपाल की यह संस्था निरंतर हिन्दी भाषा के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार के लिए सदा प्रयासरत रहती है एवं रचनाकारों एवं वरिष्ठ साहित्यकारों क़ो अमूल्य योगदान के लिए प्रोत्साहित, सम्मानित करती है।

मंत्री लखनलाल देवांगन पहुंचे परमेश्वरी महोत्सव में, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# समाज की प्रगति के लिए संगठित रहना आवश्यक, तभी वह शिक्षा, व्यापार, सरकारी, राजनीति क्षेत्र में बढ़ेगा आगे

**दुर्ग।** वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर और श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन शनिवार को देवांगन जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित परमेश्वरी महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देवांगन समाज की ईष्ट देवी परमेश्वरी की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। महोत्सव को संबोधित करते हुए मंत्री लखन लाल देवांगन ने समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है। जब समाज संगठित रहेगा, तभी वह शिक्षा, व्यापार, शासकीय सेवा और राजनीति सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकेगा। उन्होंने कहा कि आज कई समाज विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर चुके हैं, लेकिन कुछ समाज अभी भी पीछे हैं। ऐसे में सभी समाजों को मिल-जुलकर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की अच्छी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है।







### समाज का हर वर्ग और व्यक्ति आगे बढ़े

देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री का भी यही उद्देश्य है कि समाज का हर वर्ग आगे बढ़े। उन्होंने प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को दोहराते हुए समाज के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने देवांगन समाज को सुलझा हुआ और जागरूक समाज बताते हुए कहा कि यह समाज लंबे समय से व्यापार, कृषि और वस्त्र निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा क्षेत्र में कोसा व्यापार में भी देवांगन समाज की अहम भूमिका रही है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता

खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने महिलाओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज और प्रदेश का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पुराणिक लाल देवांगन, कमलेश देवांगन, संकटलाल देवांगन, अशोक देवांगन, कल्पना देवांगन, तुलसी साहू सहित समाज के पदाधिकरण एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह संगठित और मजबूत होकर चलता है, और इसके लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कई बार बेटा-बेटी आगे नहीं बढ़ पाते। समाज को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो और बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

राधा-कृष्ण मंदिर में हुई शुरुआत

## भिलाई में संगीतमय नवधा पारायण रामायण पाठ की शुरुआत, जुटे श्रद्धालु





**भिलाई ।** नेहरू नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शनिवार से संगीतमय नवधा पारायण रामायण पाठ की शुरुआत हुई। यह रामायण पाठ सुप्रसिद्ध पं. गिरधर गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा (जोधपुर) के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। रामायण पाठ का प्रथम दिन होने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे और पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने रामायण पाठ किया। रामायण पाठ के आयोजन से नेहरू नगर समेत पूरा भिलाई क्षेत्र राममय हो गया है। इसके पहले सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

- पद्मश्री शमशाद बेगम और एसएसपी विजय अग्रवाल हुए शामिल

यह शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर नेहरु नगर से प्रारंभ होकर नेहरु नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर में शोभायात्रा का समापन हुआ। यह नवधा पारायण रामायण पाठ 1 मार्च तक चलेगा। श्रद्धालु प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे के मध्य रामायण पाठ का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रामायण पाठ के समापन पर अंतिम दिन 1 मार्च को दोपहर 1 बजे महाभंडारा का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने बताया कि भिलाई में पहली बार नवधा पारायण रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। फलस्वरुप रामायण पाठ में श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुट रहे हैं। शनिवार को कमल नारायण रुंगटा, समाजसेवी चतुर्भुज राठी, बंशी अग्रवाल, दिनेश सिंघल, मनोज देवरालिया, राजकुमार अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, नागरिक सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष मनोज ताम्रकार, डायरेक्टर संजय सिंह, पवन बड़जात्या, धनेंद्र सिंह चंदेल सहित अन्य मौजूद थे।

जन संस्कृति मंच दुर्ग-भिलाई का आयोजन

## देशद्रोह की हांडी पर हुई चर्चा गोष्ठी कहा-कविता सामयिक संदर्भ में मुखर



**भिलाई।** जन संस्कृति मंच दुर्ग-भिलाई इकाई के तत्वावधान में कविता, कहानी और अनुवाद के क्षेत्र में चर्चित मीता दास की सद्यः प्रकाशित कविता संग्रह देशद्रोह की हांडी पर चर्चा गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस गरिमामयी गोष्ठी का आयोजन सियान सदन, नेहरू नगर वेस्ट में किया गया जिसमें अंचल के जाने-माने साहित्यकारों, पत्रकारों, संस्कृतिकर्मियों, पाठकों सहित महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। मीता दास ने अपने कविता संग्रह से कुछ चुनिंदा कविताओं का पाठ किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ आलोचक जयप्रकाश ने कहा मीता दास की कविताओं में सामयिक संदर्भ मुखर हैं। ये कविताएं गहरी संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त हुई हैं। रवि श्रीवास्तव ने कहा कि मीता दास की कविताओं को पढ़ते हुए महत्वपूर्ण समकालीन साहित्यकार याद आ जाते हैं। इस कविता संकलन के लिए उन्होंने मीता दास को बधाई दी। सियाराम शर्मा ने कहा कि मीता दास की सबसे अच्छी कविताएं स्मृतियों से जुड़ी कविताएं हैं। घर, गांव, कस्बे के परिवेश में छाई उदासियों का बिंबात्मक वर्णन उनकी कविताओं को विशिष्ट बनाती हैं। संतोष झांझी ने समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए बताया कि बांग्लाभाषी होने के बावजूद मीता दास ने अपने कविता संग्रह में हिंदी भाषा में परिपक्व कविताएं लिखी हैं। अंजन कुमार, कैलाश बनवासी, अनिता करडेकर, घनश्याम त्रिपाठी, जयप्रकाश नायर ने संग्रह पर अपने विचार रखे। गोष्ठी का संचालन अशोक तिवारी, स्वागत उद्बोधन सुरेश वाहने, धन्यवाद ज्ञापन एन. पापा राव ने किया। इस अवसर पर गुलबीर सिंह भाटिया, स्मृति दत्त, प्रदीप भट्टाचार्य, शायर मुमताज, एल. रुद्रमूर्ति, शरद कोकास, वासुकि प्रसाद, डॉ. संध्या श्रीवास्तव, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, शक्ति चक्रवर्ती, मणिमय मुखर्जी, ऋषि गजपाल, मीना गुप्ता, सुनीता नायडू, मनोरंजन दास सहित अन्य मौजूद थे।

> सियान सदन, नेहरू नगर वेस्ट में कार्यक्रम का आयोजन

बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी ने रिटायर कर्मियों को दी विदाई

# विदाई में दिखा रिटायर कर्मियों का साहित्यिक रुझान, याद किया सोसाइटी से अपना लगाव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में समारोह का आयोजन कर माह जनवरी 2026 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। विदाई समारोह में रिटायर कर्मियों ने जहां भिलाई स्टील प्लांट और सेक्टर-4 सोसाइटी से अपने लगाव पर बातें की, वहीं कर्मियों का साहित्यिक रुझान भी समारोह में खूब दिखा। समारोह में स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर रिटायर कर्मियों को भविष्य की शुभकामनाएं दी। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष देवांगन ने कहा कि वरिष्ठ कर्मियों के योगदान से ही सोसाइटी समृद्ध बनी है और भविष्य में भी हम अपने इन साथियों को हमेशा याद रखेंगे। आयोजन में रिटायर कर्मियों ने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए अपनी बात रखी। इस दौरान ज्यादातर कर्मी बेहद भावुक हो गए।





### कविता पाठ के जरिए मौजूद लोगों की प्रशंसा

स्टील स्ट्रक्चरल शॉप से रिटायर लाल बिहारी ने कहा- सेक्टर 4 सोसाइटी की कार्यप्रणाली हमेशा सराहनीय रही है। यहां के स्टाफ और पदाधिकारियों का विनम्र व्यवहार हमेशा प्रभावित करता है। उन्होंने इस दौरान अपनी कविताओं का पाठ किया। उनकी कविता की सभी ने तारीफ की। प्लेट मिल से रिटायर त्रिलोक देवांगन ने कहा कि पूरे सेवाकाल के दौरान जब भी जरूरत पड़ी तो यहां ऋण बड़ी आसानी से मिल गया। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त कर्मियों को हमेशा वह सेक्टर-4 सोसाइटी की सदस्यता लेने प्रेरित करते रहे हैं।

### साहित्यिक पाठ ने जमाया रंग

रिटायर कर्मियों में कार्मिक एवं प्रशासन से राजेश कुमार, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से भरतलाल, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से कमलेश कुमार नायक, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से श्यामलाल भौर्या, पी जी राधाकृष्णन, रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग-1 से ओमप्रकाश, सुखविंदर सिंह, मर्चेंट मिल से उत्तम बोस, सीएएस एंड सीडब्ल्यूपी से कुलदीप सिंह, स्टोर्स से देवानंद साहू, मेकेनिकल सर्विसेस से यतेंद्र पुरंग और ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गनाइजेशन से सेवंत लाल कोरपे ने भी अपनी बात रखी।

### सोसाइटी के नियमों और प्रक्रिया की भी दी जानकारी

कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से सूर्यनारायण ने कहा- सोसायटी की कार्य प्रणाली इस हद तक पारदर्शी है कि किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ी। सामान्य सी औपचारिकता के बाद यहां ऋण तुरंत मिल जाता है। इस अवसर पर सोसाइटी परिवार से उपाध्यक्ष असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बंछोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण ठाकुर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू एवं सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन संचालक वेद प्रकाश सूर्यवंशी और आभार प्रदर्शन संचालक पुरुषोत्तम सिंह कंवर ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का मुकाबला राजस्थान से, मयंक के शानदार 81 रन



रायपुर। बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर फाइनल मैच (21 फरवरी से 24 फरवरी) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में राजस्थान अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन राजस्थान अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 89 ओवरों में 7 विकेट खोकर 257 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उनके प्रारंभिक बल्लेबाज शोभित शर्मा 0 रन पर तथा आयुष पांडेय 21 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गये। मध्यमक्रम में मयंक वर्मा ने 81 रन तथा राहुल प्रधान ने 58 रन बनाकर पारी को संभाला। दोनों के मध्य चौथे विकेट के लिये 112 रनों की साझेदारी हुयी। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 29 नाबाद तथा हर्ष साहु ने 24 रनों का योगदान दिया। राजस्थान अंडर 23 टीम की ओर से गणेश सुथार तथा मोहित चंग्रा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 257 रन बना लिये है।

### सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए बीएसपी की टीम घोषित



भिलाई। दुर्गापुर इस्पात संयंत्र की ओर से "सेल"वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन 24 से 27 फरवरी तक दुर्गापुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में "सेल" कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली से संबद्ध विभिन्न इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग लेंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र की वॉलीबॉल टीम भी प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र की वालीबॉल टीम की औपचारिक घोषणा वॉलीबॉल क्लब के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ विभाग) विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) राजेंद्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) अभिजीत भौमिक द्वारा की गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने टीम का परिचय कराते हुए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के डी.पी. सिंह को टीम के कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं टीम के अन्य सदस्यों में भिलाई इस्पात संयंत्र से ख्वाजा अहमद, पी. मनोज, लल्लन, जी. चंदन तथा राजहरा माइंस से पी.के. पाटले, लक्ष्मी नारायण, राजकुमार, एस.पी. यादव एवं देवी लाल शामिल हैं। माइंस मुख्यालय से व्यास टीम के कोच एवं मैनेजर के रूप में, खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं रणनीतिक सहयोग प्रदान करेंगे।

### अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी 14 को



भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा अंतर विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)–2026 का आयोजन 14 मार्च को सुबह 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सेल एथलेटिक्स अकादमी, सेक्टर–04 मैदान में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संयंत्र के कर्मचारियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम दो स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेगा। पुरुष प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर लंबी कूद, जेवलिन थ्रो तथा शॉटपुट में भाग ले सकते हैं वहीं महिला प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर जेवलिन थ्रो तथा शॉटपुट में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु यह अनिवार्य किया गया है कि प्रत्येक स्पर्धा में न्यूनतम चार प्रतिभागियों की उपस्थिति आवश्यक होगी, अन्यथा संबंधित स्पर्धा को निरस्त माना जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां अपने-अपने विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के कार्यालय बोकारो हॉस्टल, सेक्टर–4 में कार्यालयीन समय पर दिनांक 13 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

## महिलाओं को कुछ बीमारियों का जोखिम होता है अधिक

# महिलाओं में इन परेशानियों का होता है ज्यादा खतरा कम उम्र से ही शुरू कर दें बचाव तो रहेंगी सेहतमंद

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है।

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिला हों या पुरुष या फिर बच्चे, सभी उम्र के लोगों में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जिसको ध्यान में रखते हुए सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि महिलाओं में किन बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### स्तन कैंसर का जोखिम

स्तन कैंसर के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, हर साल इस कैंसर के कारण लाखों महिलाओं की मौत भी हो जाती है। महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है। स्तन की कोशिकाओं में अनियंत्रित रूप से वृद्धि इस कैंसर का खतरा बढ़ा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 20 लाख महिलाएं स्तन कैंसर का शिकार पाई जा रही हैं।

इस कैंसर से बचे रहने के लिए 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित रूप से मैमोग्राफी कराएं। कम उम्र से ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, संतुलित आहार लें और नियमित व्यायाम करें। यदि आपके परिवार में किसी को पहले से स्तन कैंसर रहा हो तो इस बारे में डॉक्टर से सलाह लें और बचाव के उपाय करें।

### ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की समस्या)



ऑस्टियोपोरोसिस के कारण आपकी हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं, जिससे फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं में यह समस्या रजोनिवृत्ति के बाद अधिक देखी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर कम होने लगता है और इसकी कमी हड्डियों की सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है।

नेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन के अनुसार, 50 वर्ष से अधिक उम्र की लगभग 50% महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस होने का जोखिम रहता है। इससे बचाव के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त आहार लें। अपने आहार में दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करें। इसके अलावा नियमित रूप वॉकिंग, योग और वेट ट्रेनिंग जैसे अभ्यास करें।



### हृदय रोगों को लेकर भी रहें सावधान

हृदय रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण रहे हैं। वैसे तो महिला हो या पुरुष सभी में इसका जोखिम देखा जाता रहा है पर विशेष कुछ कारणों से महिलाओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, महिलाओं में दिल की बीमारी से मृत्यु का खतरा पुरुषों से अधिक हो सकता है। हालांकि महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जैसे थकान, जी मिचलाना, पीठ या जबड़े में दर्द। हृदय रोगों से बचाव के लिए हेल्दी डाइट अपनाएं, ट्रांस फैट और अधिक नमक वाले खाद्य पदार्थों से बचें। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराएं साथ ही तनाव कम करने के लिए योग और मेडिटेशन करें।



## जीवन में चाहिए सफलता तो जरूर दीजिए इन बातों पर ध्यान

दुनिया के हर एक देश में नीति शास्त्र की रचनाएं हर दौर में होती रही है। इन नीति शास्त्रों में जीवन के हर पहलू के बारे में बताया है। उनकी ये नीति युवाओं का मार्गदर्शित करने के साथ-साथ इंसान के जीवन को भी बेहतरीन बनाती है। ऐसे नीति शास्त्र कहते हैं कि, व्यक्ति को हमेशा समय से पहले और समय के बाद किसी भी काम को नहीं करना चाहिए। इससे जीवन में कई तरह की परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे नीति शास्त्र व्यक्ति को किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले आत्मचिंतन करने की सलाह देते हैं। इसके अलावा इन शास्त्रों कहना है कि ये सब बातें अगर हमारे अनुरूप हैं, तो व्यक्ति को सफल बनने से कोई नहीं रोक सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं कि, ऐसे नीति शास्त्रों के अनुसार किन चीजों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए।

### समय का ध्यान रखें

व्यक्ति को हमेशा किसी भी काम को करने से पहले समय



का विचार करना चाहिए। यदि आप काम को समय पर नहीं करते हैं, तो बाद में असफलता ही हाथ लगती है। इसलिए किसी भी काम को करने से पहले उसके सही समय की पहचान कर लें, क्योंकि सफलता के पीछे समय का बहुत बड़ा योगदान होता है।

### सच्चा मित्र

जीवन में सभी रिश्तों का अपना अलग महत्व होता है। रिश्तें ही व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हैं। चाणक्य की नीति के अनुसार, जीवन में सफलता पाने के लिए किसी सच्चे मित्र का साथ होना जरूरी होता है। एक सच्चे मित्र के सहयोग से आप सफलता की सीढ़ियां आसानी से चढ़ सकते हैं। इसलिए सच्चे मित्रों की पहचान करना बेहद जरूरी है।

### आय और व्यय का विचार

व्यक्ति को अपनी आय और व्यय पर विचार करना चाहिए। यदि आपकी आय अधिक नहीं हैं, तो खर्चे भी कम करें अन्यथा आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। इसलिए व्यक्ति को अपनी आय और व्यय पर हमेशा विचार करते रहना चाहिए।

### सीखना ना छोड़ें

नीति शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी जीवन में सीखने की कला को नही छोड़ना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर सीखना जरूरी है। इसलिए कुछ अच्छा सीखने को मिलता है, तो जरूर सीखना चाहिए।

### मेहनत

सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए इंसान को हमेशा कड़ी मेहनती करनी चाहिए। नीति शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी दूसरों के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप खुद ही ईमानदारी से मेहनत करें।



## एलिट ग्रुप क्रिकेट में मुकाबले जारी



■ छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मैच भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और कांकेर में चल रहे

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप पहले राउंड के पहले दिन शानदार मुकाबले हुए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ने पहली पारी में पांच विकेट पर 271 रन बनाए। सनी पांडे ने नॉट आउट 85 रन, अभिषेक सौगौरा ने 45 रन और इम्तियाज़ खान ने नॉट आउट 28 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के मोहम्मद सोहेल, भारत गोंडवानी, सुमित रूहिकर, उत्कर्ष तिवारी एवं अमितेश पांडे ने एक-एक विकेट लिए।

आरडीसीए रायपुर में टीम बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध सरगुजा टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 93 रन पर आउट हो गई। जिसमें आयुष सिंह ने 21 रन बनाएं। गेंदबाजी में बिलासपुर ब्लू के स्नेहिल चड्ढा ने 4 विकेट, अंकित कुमार, धनंजय नायक एवं आर्यन जायसवाल ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी मे आठ विकेट पर 293 रन बनाए। अनुराग मिश्रा ने नॉट आउट 104 रन और पवन परनाटे ने 87 रन बनाए। गेंदबाजी में सरगुजा के आराध्य गुप्ता ने चार विकेट और अविनाश कुमार ने दो विकेट लिए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में जांजगीर चांपा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड पहली पारी में 225 रन पर आउट हो गई। तुषार चंद्राकर ने 78 रन और शुभम अग्रवाल ने 46 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चाम्पा के लव्यम राजपूत ने 5 विकेट, शाबान खान एवं आदित्य यादव ने दो-दो विकेट लिए।

बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा ने पहली पारी तीन विकेट पर 32 रन बनाए। संजीव सिंह ने नॉट आउट 15 रन, गेंदबाजी प्लेट कंबाइंड सौरभ मजूमदार ने दो एवं शशांक तिवारी ने एक विकेट लिए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ने पहली पारी में तीन विकेट पर 270 रन बनाए। किव नूर सिंह छाबड़ा ने नॉट आउट 93 रन, अनुराग साहू ने 71 रन, ऋषि शर्मा ने 54 रन और अनुज तिवारी ने नॉट आउट 47 रन बनाए। गेंदबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के नमन ध्रुव ने दो एवं अमन मिश्रा ने एक विकेट लिए।

## अब इंडक्शन पर भी बनेगी फूली हुई रोटियां



अक्सर लोगों के साथ यही परेशानी आती है कि इंडक्शन पर गैस की तरह फूली हुई रोटियां नहीं बन पाती है। आपके साथ भी बिल्कुल ऐसा ही होता होगा। पराठे, पूड़ी आदि तो इसपर फूल जाती हैं, लेकिन रोटी बनाने में काफी दिक्कत होती है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में एक ऐसी ट्रिक बताने जा रहे हैं। जिसकी मदद से आप मिनटों में फूली हुई रोटियां इंडक्शन पर भी बना सकती हैं।

### ऐसे बनाएं इंडक्शन पर फूली हुई फुलकी

इसके लिए आपको सबसे पहले इंडक्शन पर तवा रखना होगा। फिर तवे को अच्छी तरह गर्म कर लें।गर्म तवे पर रोटी को दोनों तरह से हल्का सेंक लें। इसके बाद रोटी हटाकर उसपर स्टील की जाली रखें। इस स्टील की जाली पर आपको अब रोटी रखनी है और सिकने देना है। एक तरफ से सिक जाने के बाद चिमटे की मदद से इसे दूसरी तरफ से भी सेकें। आपकी चपाती एकदम फूल जाएगी।

### अन्य ट्रिक

इसके अलावा आप तवे को गर्म करके पहले रोटी को दोनों साइड से सेंक लें। अब किसी कपड़े की मदद से फुलकी को दबा-दबाकर सेंक लें। आपकी रोटी गुब्बारे की तरह फूलने लगेगी।

## कार्नर न्यूज

### शास्त्रों में बहुत कुछ कहा गया है दिशाओं को लेकर

# दक्षिण मुखी घरों को माना जाता है अशुभ, जानिए इसके पीछे का आधार

वास्तु में सभी दिशाओं का अलग महत्व है और हर दिशा किसी न किसी स्थान के लिए उपयुक्त मानी जाती है। जब घर के मुख्य द्वार की बात आती है तो इसके लिए भी कुछ शुभ दिशाएं हैं। हमारे मन में घर के मुख्य द्वार को लेकर कई सवाल उठते हैं और ऐसा कहा जाता है कि अगर वास्तु के अनुसार आप अपने घर में चीजों का निर्धारण करते हैं और मुख्य द्वार को सजाते हैं तो घर में हमेशा समृद्धि बनी रहती है। इसी वजह से वास्तु आपको घर का मुख्य द्वार उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखने की सलाह देता है। वहीं कुछ ऐसी दिशाएं भी हैं जिनकी तरफ मुख वाला घर वास्तु में शुभ नहीं माना जाता है और इस दिशा में घर न बनाने की सलाह भी दी जाती है।

वास्तुकला और ज्योतिष में ऐसी ही एक मान्यता घर की दिशा से संबंधित है। जबकि घर खरीदते या बनाते समय हम कई अन्य बातों का भी ध्यान रखते हैं। ऐसे ही कारक हैं जिनमें मुख्य द्वार की दिशा की बात की जाती है। एस्ट्रोलॉजर शीतल शपारिया से जानें आखिर क्यों दक्षिणमुखी घर को अशुभ माना जाता है और यदि आप इस तरह के घर में रखते हैं तो आपको किन वास्तु नियमों का पालन करना चाहिए।



### दक्षिणमुखी घर को क्यों माना जाता है अशुभ

कई संस्कृतियों में दक्षिणमुखी घरों को अक्सर दुर्भाग्य लाने वाला माना जाता है। इस धारणा के पीछे कई कारण हैं और वास्तु की मानें तो घर की दिशा उसकी समग्र ऊर्जा और निवासियों पर प्रभाव को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि दक्षिण मुखी घरों की बात करें तो इस तरह के घरों में धूप कम आती है जिससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होने लगता है। मान्यता है कि सूर्य की ऊर्जा का प्रवेश कम होने की वजह से इस तरह के घरों में रहने वालों के लिए वित्त और व्यक्तिगत समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### वास्तु शास्त्र और दक्षिण मुखी घरों पर इसका प्रभाव

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन वास्तुशिल्प सिद्धांत है जो हिंदू परंपराओं में गहराई से निहित है। यह मकानों के निर्माण के विभिन्न पहलुओं के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करता है। वास्तु की मानें तो घर का मुख जिस दिशा में है, वह उसमें प्रवाहित होने वाली ऊर्जाओं को प्रभावित कर सकता है। दक्षिणमुखी घरों को अक्सर अशुभ माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वे ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह के विपरीत होते हैं। वहीं इसके विपरीत उत्तर दिशा को घर के लिए सबसे अनुकूल दिशा माना जाता है, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देती है। दूसरी ओर, दक्षिण दिशा को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा हुआ माना जाता है, यही वजह है कि कभी-कभी दक्षिण मुखी घर बनाने से मना किया जाता है।



### दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना जाता है

यदि हम वास्तु से हटकर ज्योतिष की बात करते हैं तो मान्यता है कि दक्षिण दिशा को यम की दिशा कहा जाता है और जो घर इस दिशा की तरफ होते हैं उनमें रहने वाले लोगों को वित्त और रिश्तों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस दिशा को पितरों की दिशा भी माना जाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हीरोइनों संग कठपुतली जैसा बर्ताव होता है, दावा किया एक्ट्रेस स्टीवर्ट ने



एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में हीरोइनों संग होने वाले बर्ताव पर चौंकानेवाला दावा किया है। क्रिस्टन ने कहा है कि हॉलीवुड में एक्ट्रेसेस के साथ कठपुतली जैसा बर्ताव किया जाता है। इंडस्ट्री उन्हें कोई एजेंसी नहीं देती है। हालत बदतर है।

'ट्वाइलाइट' जैसी फिल्म में नजर आईं पॉपुलर हॉलीवुड एक्ट्रेस और डायरेक्टर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड को लेकर एक चौंकानेवाला राज खोला है। उन्होंने बताया है कि हॉलीवुड में एक्ट्रेसेस के साथ किस तरह का बर्ताव किया जाता है और वो किस कदर बदतर हालत में हैं। क्रिस्टन ने दावा किया है कि हॉलीवुड में एक्ट्रेसेस के साथ 'कठपुतली' जैसा बर्ताव किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट इस वक्त अपनी फिल्म द क्रोनोलॉजी ऑफ वाटर को लेकर चर्चा में हैं, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया है। बतौर डायरेक्टर, यह उनकी पहली फिल्म है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने 'वैराइटी' मैगजीन को दिए इंटरव्यू में हॉलीवुड में एक्ट्रेसेस के साथ होने वाले बर्ताव के बारे में बात की। क्रिस्टन ने कहा, 'एक्ट्रेसेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव होता है। लोग सोचते हैं कि कोई भी एक्ट्रेस बन सकती है, लेकिन जब मैंने पहली बार डायरेक्टर के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने के लिए उनसे मुलाकात की, तो मुझे लगा कि वाह! यह तो बिल्कुल अलग एक्सपीरियंस है। वो मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई समझदार इंसान हूं।'

क्रिस्टन स्टीवर्ट ने फिर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए कहा, 'एक धारणा है कि डायरेक्टर्स के पास अलौकिक क्षमता होती है, खूब पावर होती है, पर यह सच नहीं है।

### टॉलीवुड

## सोशल मीडिया पर मालविका अचानक हो रहीं ट्रेंड, मचा हल्ला



साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस मालविका मोहनन अचानक सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगी हैं। उन्हें कई यूजर्स ताना दे रहे हैं। मामला उनके हालिया इंटरव्यू से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री की दूसरी एक्ट्रेसेस को लेकर विवादास्पद बयान दे दिया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंरने एक हालिया इंटरव्यू में बिना नाम लिए तमिल और तेलुगू एक्ट्रेसेस की डायलॉग डिलिवरी पर विवादास्पेद बयान दे दिया। 32 साल की मालविका ने दावा किया कि कई एक्ट्रेस अपने डायलॉग की लाइन्स भी ठीक से नहीं बोल पाती हैं। वह सिर्फ रटे-रटाए एक्सप्रेशंस देती हैं। शूट के वक्तर डायलॉग की जगह 1,2,3,4 या ए,बी,सी,डी बुदबुदाती रहती हैं।

बॉलीवुड में 'युध्रा' और 'बियॉन्डी द क्लाउड्स' में नजर आईं मालविका के ये बोल सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आए। कई यूजर्स ने उनके इस नजरिए की आलोचना की। इंडस्ट्री में उनके अब तक के काम पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। मालविका मोहनन के हालिया इंटरव्यू के वीडियोज वायरल हो रहे हैं। उन्होंरने 'गैलाटा प्लस' से बातचीत में कहा, 'तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में, काफी समय से मैं कुछ ऐसी एक्ट्रेस को जानती हूं जो अपनी लाइन्स देखने की भी परवाह नहीं करतीं। थलपति विजय के साथ 'मास्टर' में काम कर चुकी एक्ट्रेनस ने आगे बिना नाम लिए रटे-रटाए एक्स,प्रेशंस का जिक्र किया और कहा, 'अगर आप गुस्से में हैं और अपने लवर से ज्यादा गुस्से में हैं, तो आप ए,बी,सी,डी बोलती हैं, क्योंकि डबिंग में वह किसी पॉइंट पर अपने होंठ डायलॉग्स से मैच कर लेंगी। यह कोई एक बार की घटना नहीं है। ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्होंने अपने पूरे करियर में सिर्फ ऐसा ही किया है।'

### भोजपुरी

## निरहुआ की इस अदा पर फिदा हो गए थे सलमान, जमकर की थी तारीफ



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार निरहुआ ने बड़े पर्दे पर खूब राज किया है। भोजपुरी सिनेमा में एक अलग पहचान रखने वाले निरहुआ 'बिग बॉस' में भी बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए थे। तब उनकी बिग बॉस के घर में सलमान खान ने जमकर तारीफ की थी। भोजपुरी सिनेमा के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक सुपरस्टार निरहुआ सिर्फ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बल्कि असल जिंदगी में भी फैंस का दिल जीत लेते हैं। उनकी बेहतरीन एक्टिंग के साथ-साथ लोग उनके मिलनसार व्यक्तित्व और डाउन टू अर्थ नेचर की भी काफी तारीफ करते हैं। एक बार तो बॉलीवुड सपरस्टार सलमान खान भी उनके मुरीद हो गए थे और सलमान ने नेशनल टीवी पर भोजपुरी स्टार की जमकर तारीफ की थी।

भोजपुरी सिनेमा में एक से बढ़कर एक फिल्में देकर दर्शकों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ हिंदी बेल्ट के दर्शकों के बीच भी काफी पॉपुलर हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री पर राज करने वाले निरहुआ ने कभी सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले विवादित और चर्चित शो बिग बॉस में भी हिस्सा लिया था। निरहुआ इस शो के छठवे सीजन में नजर आए थे। तब वो बाकी कंटस्टेंट से अलग दिखाई दिए थे। उनकी यही खासियत सलमान को भी भा गई थी। बिग बॉस का छठवा सीजन साल 2012 में आया था। उस वक्त तक निरहुआ बतौर एक्टर भोजपुरी सिनेमा में खुद को साबित कर चुके थे।


### लग्ज़री क्राफ्ट

लाइफ स्टाइल



"इस साल भारतीय लग्ज़री क्राफ्ट, इको-कॉन्शियस फैशन और कारीगरों के बनाए, ग्लोबली कूल डिज़ाइनों को जमकर अपनाया जा रहा है। अब 'क्राफ्ट इनक्लूसिविटी' सिर्फ़ एक आम इस्तेमाल होने वाला शब्द नहीं रहा। यह भारतीय फैशन के स्वरूप को फिर से परिभाषित कर रहा है। फैशन लोकतांत्रिक और क्राफ्ट-केंद्रित महसूस होगा। भारतीय डिज़ाइनर अब समझते हैं कि एक ही पर्सनैलिटी या डिज़ाइन आइडिया को दोहराने से उनके डिज़ाइन हाउस हमेशा आगे नहीं बढ़ेंगे।

## किचन में रखी इन सब्जियों से हटाएं टैनिंग, चमक उठेगा चेहरा



बाजार में टैनिंग हटाने के कई प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, लेकिन अगर आप प्राकृतिक और घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं, तो आपकी रसोई में मौजूद कुछ सब्जियां बेहद फायदेमंद साबित हो सकती हैं। ये न सिर्फ टैनिंग को हल्का करती हैं, बल्कि त्वचा को पोषण देकर उसे चमकदार भी बनाती हैं।

**आलू:** आलू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो टैनिंग और काले धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंजाइम और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को निखारते हैं।

**उपयोग का तरीका::** आलू को कद्दूकस कर उसका रस निकालें और प्रभावित हिस्से पर 15-20 मिनट तक लगाकर धो लें। चाहें तो आलू के स्लाइस को सीधे टैनिंग वाली जगह पर रगड़ सकते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करके उसे साफ और चमकदार बनाता है।

**उपयोग का तरीका::** टमाटर का रस निकालकर टैनिंग वाली जगह पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। अधिक प्रभाव के लिए टमाटर और दही का पेस्ट बनाकर लगाएं।

**खीरा:** खीरे में ठंडक पहुंचाने और हाइड्रेट करने वाले गुण होते हैं, जो धूप से झुलसी त्वचा को राहत देते हैं। यह त्वचा को ताजगी देकर टैनिंग को कम करता है।


**उपयोग का तरीका:** खीरे को कद्दूकस करके या रस निकालकर टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसमें गुलाब जल मिलाकर लगाएं।

**नींबू:** नींबू में प्राकृतिक एसिड होता है, जो डेड स्किन हटाकर टैनिंग को हल्का करने में मदद करता है।

**उपयोग का तरीका:** ताजा नींबू का रस टैन वाली जगह पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। शहद मिलाकर लगाने से त्वचा ज्यादा मॉइस्चराइज रहेगी। नींबू लगाने के बाद तुरंत धूप में न जाएं, वरना त्वचा ज्यादा संवेदनशील हो सकती है।

## जींस के साथ स्टाइल करें शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप, मिलेगी तारीफ





अगर आप ऑफिस में फॉर्मल और कहीं घूमने के दौरान कैजुअल चाहती हैं तो आप इस तरह का टॉप स्टाइल कर सकती हैं जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ऑफिस में फॉर्मल लुक के लिए टॉप बेस्ट ऑप्शन है साथ ही, फॉर्मल लुक पाने के लिए के लिए महिलाएं टॉप स्टाइल करती हैं। लेकिन, अगर आप जींस में कैजुअल या फॉर्मल लुक चाहती हैं तो आप शर्ट स्टाइल कॉलर टॉप वियर कर सकती हैं। इस तरह के टॉप जहां अप घूमने के दौरान वियर कर सकती हैं तो वहीं इस टॉप को आप ऑफिस में वियर कर सकती हैं। इस तरह के टॉप न्यू लुक पान के लिए बेस्ट है तो वहीं इन टॉप में आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

### कॉलर ग्राफिक प्रिंट टॉप



जींस के साथ आप न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के कॉलर ग्राफिक प्रिंट टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप व्हाइट कलर में है और साथ इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के टॉप आप जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इसे आप 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती है तो आप इस तरह की सॉलिड प्रिंट टॉप भी स्टाइल कर सकती हैं और इस टॉप में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### फ्लोरल प्रिंट टॉप

स्टाइलिश और न्यू लुक के लिए अप इस तरह का फ्लोरल प्रिंट टॉप का भी चुनाव कर सकती है। यह टॉप डार्क कलर में है साथ ही इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल पैटर्न में डिजाइन बनाया गया है। और टॉप को ऑफिस साथ ही बाहर कहीं आउटिंग के दौरान भी वियर कर सकती हैं। यह टॉप आपको 200 से 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। फ्लोरल पेटर्न में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह के टॉप का भी चुनाव कर सकती हैं और इस टॉप में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा।

## साड़ी और सूट के साथ स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले कंगन



सूट या साड़ी के साथ अपने लुक को कम्पलीट करने के साथ ही स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं ज्वेलरी स्टाइल करती हैं। इसी के साथ महिलाएं हाथों में चूड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं और रॉयल लुक भी चाहती हैं तो आप कंगन स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाले कंगन दिखा रहे हैं जो आप सूट या साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह कंगन लेटेस्ट डिजाइंस में है और इन कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा।

### स्टोन वर्क कंगन

न्यू लुक के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क कंगन स्टाइल कर सकती है। इन कंगन में बेहद ही खूबसूरत स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही ये गोल्ड प्लेटेड में है। इस तरह का स्टोन वर्क कंगन आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही, ऑफलाइन भी ये कंगन 200 से 300 रुपये की कीमत में मिल सकते हैं। अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में कुछ चाहती हैं तो आप इस तरह के कंगन स्टाइल कर सकती हैं और इस कंगन में को लाइट या ब्राइट कलर के सूट या साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### कुंदन वर्क कंगन

सूट या साड़ी के साथ आप इस तरह के कुंदन वर्क वाली कंगन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कंगन न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस कंगन को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस कंगन को आप 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह के कंगन आप डार्क कलर की साड़ी या फिर ब्लैक सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## बालों के लिए इस्तेमाल करें लौंग का पानी, एक्सपर्ट से जानें इसके फायदे

जब भी हम किसी के लंबे और घने बाल देखते हैं, तो अपने बालों को देखकर अजीब लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे बाल खराब से नजर आते हैं। इसका कारण होता है बालों की सही तरीके से केयर न करना। साथ ही, हिटिंग टूल्स को ज्यादा इस्तेमाल करना। ऐसे में जरूरी है कि आप बाजार की चीजों का कम इस्तेमाल करें और घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल ज्यादा करें। लौंग इसमें से एक है, जिसे ट्राई करने के लिए एक्सपर्ट की सलाह देते हैं। इसके पानी को बनाने और इसे लगाने के तरीके को हमारे साथ डॉक्टर स्वाति ने शेयर किया। जिसे आप भी ट्राई कर सकते हैं। साथ ही, इसके फायदे भी जानें।



### लौंग के पानी के फायदे

बालों को हेल्दी रखना है, तो आपको घरेलू चीजों का इस्तेमाल सबसे ज्यादा करना चाहिए। लौंग के पानी को आप अपने बालों में लगा सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो बालों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। इससे आपके बालों की ग्रोथ, स्कैल्प की देखभाल और बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है। इसे आप घर पर कभी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### लौंग के पानी को बनाने का तरीका

एक कप पानी में 4 से 5 लौंग डालें। अब इस पानी को अच्छे से उबाल लें। फिर पानी को ठंडा होने के बाद छानकर एक जार में स्टोर कर लें। इसके बाद इससे बालों की मसाज करें।

### लौंग के पानी को लगाने का तरीका

इसके लिए आपको पहले बालों को साफ करना है। फिर लौंग के पानी को लगाकर बालों की अच्छे से मसाज करें।

### कार्नर न्यूज

### ऑन लाइन खरीददारी में बरतें सावधानी

## ऑनलाइन खरीद रहे हैं टी-शर्ट तो इन बातों का रखें ध्यान, वरना पैसे होंगे बर्बाद

अगर आप टी-शर्ट ऑनलाइन खरीदने की सोच रहे हैं, तो इन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान जरूर रखें ताकि आपको सही फिटिंग, अच्छी क्वालिटी और बेहतरीन डील मिल सके। एक समय था, जब लोग हर छोटी-बड़ी चीज खरीदने के लिए बाजार जाया करते हैं और अच्छी तरह से देखभाल के बाद ही खरीदारी किया करते थे। लेकिन अब समय पूरी तरह से बदल गया है। आज के समय लोग एक क्लिक पर सामान खरीद लेते हैं।

ऑनलाइन शॉपिंग का भूत लोगों के सिर चढ़कर इस कदर बोल रहा है कि अब तो लोग कपड़ों से लेकर सब्जियां भी ऑनलाइन ही खरीदते हैं। पर, क्या आप जानते हैं ऑनलाइन कपड़े खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं। आज हम आपको बताएंगे कि यदि आप ऑनलाइट टीशर्ट खरीद रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, ताकि आपके पैसे बर्बाद होने से बच जाएं।

### चेक करें साइज चार्ट



टीशर्ट खरीदते समय ये ध्यान रखें कि हर ब्रांड का साइज अलग होता है। इसलिए सबसे पहले साइज चार्ट को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसकी तुलना अपने शरीर से सही नाप से करें और फिर उसके बाद ही ऑर्डर करें। अगर आप ढीली टी-शर्टपसंद करते हैं, तो एक साइज बड़ा चुन सकते हैं।

### फैब्रिक के बारे में पढ़ें

टी-शर्ट खरीदते समय उसके फैब्रिक के बारे में पढ़ें। गर्मियों का मौसम आने जा रहा है, ऐसे में टी-शर्ट का फैब्रिक आरामदायक और टिकाऊ होना जरूरी है। गलत फैब्रिक चुनने से आपको इसे पहनने में दिक्कत हो सकती है।

### प्रोडक्ट रिव्यू देखें

जब भी ऑनलाइन कुछ खरीद रही हैं तो उसके रिव्यू अवश्य पढ़ें और असली तस्वीरों पर एक नजर अवश्य डालें। जो भी टीशर्ट खरीद रहे हैं वो कम से कम 4 स्टार रेटिंग वाली होनी चाहिए । अगर किसी ने फोटो के साथ रिव्यू दिया है, तो उसे जरूर देखें, ताकि आप सही चीज पर पैसे इंवेस्ट करें।

### कलर और प्रिंट का चुनाव सही करें

कई सेलर रिटर्न का विकल्प नहीं देते हैं। इसलिए सोच-समझ के ही टीशर्ट के रंग का चयन करें। जैसे कि डार्क कलर (ब्लैक, नेवी ब्लू, डार्क ग्रे) काफी स्टाइलिश लगते हैं और सभी स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। वहीं लाइट कलर (व्हाइट, स्काई ब्लू, पेस्टल शेड्स) गर्मियों के लिए बढ़िया ऑप्शन माने जाते हैं।

### रिफंड और एक्सचेंज पॉलिसी चेक करें

हमेशा ऐसी वेबसाइट से खरीदें, जो 7-15 दिन की रिटर्न/एक्सचेंज पॉलिसी देती हो। हमेशा भरोसेमंद साइट्स से ही टीशर्ट खरीदें, ताकि किसी तरह की धोखेबाजी के आप शिकार न हों।

